प्रेस विज्ञप्ति
27 दिसंबर 2021

माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री करेंगे मेरठ में एसटीपीआई के 62वें केंद्र का उद्घाटन

माननीय केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर 28 दिसंबर 2021 को एसटीपीआई के 62वें केंद्र का उद्घाटन करेंगे। मेरठ स्थित वेदव्यासपुरी योजना, एनएच-58 बाईपास के पास आईटीपी-03 में आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में उनके साथ श्री राजेंद्र अग्रवाल, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा); श्री विजय पाल तोमर, माननीय संसद सदस्य (राज्यसभा); श्री सोमेंद्र तोमर, माननीय विधायक; श्री अरविंद कुमार, महानिदेशक, एसटीपीआई और श्री भुवनेश कुमार, संयुक्त सचिव, एमईआईटीवाई भी उपस्थिति रहेंगे।

आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न को आगे बढ़ाते हुए आईटी के समग्र विकास और सशक्त डिजिटल सोसाइटी के बदलाव एसटीपीआई -मेरठ का उद्घाटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही साथ क्षेत्र के MSMEs, स्टार्टअप को सॉफ्टवेयर निर्यात को गति प्रदान करेगा। विदेशी निवेश और डिजिटल उत्तर प्रदेश के विज़न को भी पूर्ण करेगा।

एसटीपीआई-नोएडा के अधिकार क्षेत्र के तहत मेरठ केंद्र टीयर-2/3 शहरों में एसटीपीआई का 54वां केंद्र है। एसटीपीआई-मेरठ उत्तर प्रदेश के आईटी पदचिह्न के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और टीयर-2/3 शहरों के नवोदित तकनीकी उद्यमियों और नवप्रवर्तकों को उनके अनूठे विचारों को नवीन उत्पादों में बदलने के लिए सशक्त बनाएगा।

25,074 वर्ग फुट के कुल निर्मित क्षेत्र के साथ, एसटीपीआई-मेरठ में अत्याधुनिक इन्क्यूबेशन सुविधाएँ मौजूद हैं। 3,704 वर्ग फुट में 133 सीटों के साथ प्लग-एन-प्ले स्पेस तथा 2,021 वर्ग फुट में रॉ इन्क्यूबेशन का स्थान है जोकि हाई स्पीड डेटा संचार सुविधाओं से लैस है। वित्त वर्ष 2020-21 में, एसटीपीआई की रजिस्टर्ड यूनिट्स ने आईटी / आईटीईएस निर्यात में 4,96,313 करोड़ रुपये का योगदान दिया था जिसमें, उत्तर प्रदेश ने 22,671 करोड़ रुपयों का योगदान दिया था।

निर्माता संस्कृति को बढ़ावा देते हुए यह सुविधा युवा तकनीकी-उद्यमियों और स्टार्ट-अप के बीच नए सॉफ्टवेयर उत्पादों को विकसित करने एवं भारत और वैश्विक स्तर पर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाएगी। यह पहल, क्षेत्र से आईटी निर्यात को बढ़ावा देने और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद भी करेगा।

एसटीपीआई केंद्र और इन्क्यूबेशन सुविधा के लाभ-

- क्षेत्र को महत्वपूर्ण आईटी स्थानों में से एक के रूप में बढ़ावा देना एवं राज्य में आईटी/आईटीईएस/ईएसडीएम यूनिट्स को आकर्षित करना।
- इस क्षेत्र से आईटी सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार सकल राष्ट्रीय निर्यात में योगदान करना।
- सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) और इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (ईएचटीपी) योजना के तहत वैधानिक सेवाएं प्रदान करना।
- अत्याधुनिक इन्क्यूबेशन सुविधा, उच्च गति डेटा संचार (एचएसडीसी) और अन्य मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करना।
- नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए, आईपीआर और उत्पाद विकास का निर्माण
- स्टार्ट-अप को मार्गदर्शन और प्रचार-प्रसार में सहायता प्रदान करना

RSVP